Reg. No. :- JH-11-0004329
# अपेम लाइव न्यूज
(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)
(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)
दैनिक संध्या डिजिटल अखबार सच का साथी दिनांक 14-12-2021 अंक 84
Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्युज ब्रीफ

### विषपान से महिला गंभीर , रेफर

**अपेम लाइवः बरही**

बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत करसो निवासी मुंद्रिका देवी उम्र 35 वर्ष पति कैलाश सिंह ने विषपान कर ली। जिससे वह गंभीर हो गई। जानकारी मिलने पर परिजनों ने उन्हें बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हज़ारीबाग़ रेफर कर दिया गया।

### सड़क दुर्घटना में घायल हुए समाजसेवी रामचंद्र यादव, रेफर

**अपेम लाइवः बरही**

बरही मध्य के भावी जीप उम्मीदवार सह बरही के वरिष्ठ समा. जसेवी रामचंद्र यादव सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। आनन फानन में उन्हें बरही अनुमंडलीय अस्पताल मर भर्ती कराया गया। जहाँ से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हज़ारीबाग़ रेफर कर दिया गया।

### सड़क दुर्घटना में दो लोग घायल

**अपेम लाइवः बरही**

करियातपुर में सड़क दुर्घटना में दो लोग घायल हो गए। घायलों में कोनरा निवासी मो राजू एवं संजय पासवान शामिल हैं। दोनो को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां दोनो का प्राथमिक उपचार के बाद मो राजू को हज़ारीबाग़ रेफर कर दिया गया।




# धनवार क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला खेला गया

## फाइनल मुकाबला में धनवार चौंपियन ने 6 विकेट से एफसी क्लब धनवार को हराया




विजेता टीम को पुरूस्कृत करते अतिथि

**अपेम लाइव : बरही**

बरही प्रखंड अंतर्गत धनवार में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला धनवार करबला मैदान में खेला गया। जिसका उद्घटान पूर्वी जीप प्रतिनिधि मो क्यूम ने किया। वहीं चौंपियन धनवार ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी एफसी क्लब धनवार की टीम ने 10 ओवर में मात्र 60 रन ही बना सकी। वहीं जवाब देने उतरी चौंपियन धनवार की टीम ने मात्र 8 ओवर में 4 विकेट खोकर 63 रन बनाकर मैच को जीत लिया। मैच में




निर्णायक की भूमिका गुलाम अजहर, एवं मो साबीर ने निभाया। मैन ऑफ दी मैच साजिद अंसारी को दिया गया। वहीं विजेता टीम को 5000 रुपया एवं ट्र०फी देकर सम्मा. नित किया। वहीं एफसी क्लब धनवार की टीम को 2500 एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। मोके पर सदर सेराज, समाजसेवी इम्तियाज अंसारी, गुलाम अजहर,हुमायूं अंसारी, जशीम अहमद, मो सलामत, अब्दुल रहमान, अहसान अंसारी,प्रवीण कुमार, रौशन कुमार, रोहित कुमार यादव एवं निक्कू यादव मौजूद थे।

9122222016 बिरेन्द्र कुमार
महालक्ष्मी फर्नीचर
जो सजाए आपके सपनों का घर...
डबल बेड, सिंगल बेड, दीवान, सोफा, कुर्सी, ड्रेसिंग, डाइनिंग टेबल इत्यादि।
सस्ता एवं फैन्सी फर्नीचर का बेहतरीन कलेक्शन


ATM
ग्राहक सेवा केन्द्र
स्टूडियो एवं फोटोकॉपी

दिनांक: 14-12-2021

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

पेज सं0: 02

# केरेडारी प्रखंड के करौली मे लगा शिविर आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार

**अपेम लाइव : केरेडारी**



प्रखंड प्रशासन केरेडारी के नेतृत्व में कराली पंचायत भवन में बीडीओ किस्टो बेसरा की उप. स्थिति में आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। भवन पंचायत भवन परिसर में आयोजित शिविर में 15 प्रवासी मजदूरों को मनरेगा योजना में काम करने हेतु जॉब कार्ड निर्गत किया गया। ई श्रम पोर्टल पर 10 लोगों ने निबंधन कराया। 168 जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण प्रखंड प्रशासन व जनप्रतिनिधियों के माध्यम से कराया गया। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा लगाए गए स्टाल में 76 लोगों का स्वास्थ्य जांच तथा 32 लोगों का कोविड टीकाकरण किया गया। सेवा गारंटी अधिनियम के तहत प्रखंड प्रशासन के द्वारा 7 लोगों का जाति प्रमाण पत्र, 8 लोगों का आवासीय प्रमाण पत्र, 6 लोगों का आय प्रमाण पत्र निर्गत किए गए। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा लगाए गए स्टॉल में 76 लोगों का स्वास्थ्य जाँच व दवाओं का वितरण, 32 लोगों का कोरोना टीकाकरण किया गया। विद्यालय में अध्ययनरत 40 बच्चों को स्कूल किट/बैग का वितरण किया गया। शिविर में कुल 56 लोगों का आधार कार्ड में सुधार तथा नया आधार कार्ड बनाने का काम किया गया।

# होमगार्ड संघ हज़ारीबाग के अनिश्चित भूख हड़ताल में जानकी यादव और मनोज कुमार सिंह शामिल हुए

**अपेम लाइव : बरही/हजारीबाग**




हज़ारीबाग समाहरणालय के समक्ष नवनियुक्त होमगार्ड संघ हज़ारीबाग के अनिश्चित भूख हड़ताल में बरकट्ठा के पूर्व विधायक जानकी यादव और चौपारण भाग दो के प्रत्याशी मनोज कुमार सिंह शामिल हुए। तथा हड़ताल में बैठे युवाओ का हौसला बढ़ाया। तथा उपायुक्त से फोन से संपर्क कर न्याय दिलाने की अपील की। अभ्यथियों का कहना है कि हजारीबाग जिला होम गार्ड बहाली कुछ माह पहले हुई थी। उस में बहुत गड़बड़ी किया गया था। ज्यादा अंक लाने वाले अभ्यार्थियों का नाम मेरिट लिस्ट में नहीं था और कम अंक लाने वाले को मेरिट लिस्ट नाम आया फिर उसका विरोध किया गया था तो बोला गया फिर से रिजल्ट घोषित करेंगे लेकिन आज तक रिजल्ट नहीं निकला।

## आज का पंचाङ्ग----

आज का अंग्रेजी दिनांक :---15.12.2021
शुभसंवत् :---2078(आनंद)
शके :---1943
याम्यायन याम्यगोलः
ऋतु :---हेमन्त
माह :---मार्गशीर्ष
पक्ष :---शुक्ल पक्ष
तिथि :---द्वादशी तिथि
दिनरु---बुधवार
नक्षत्र :---भरणी नक्षत्र
योग :---परिघ
करण :---कौ
सूर्योदय :---प्रातः 06:47
सूर्यास्त : संध्या 05:13
सूर्य :---वृश्चिक राशि में
चंद्रमा :---मेष राशि में
आज का राहूकाल दिन :---12:00 बजे से दिन :---01:30 बजे तक
अभिजीत मुहूर्त :---दोपहर 11:36 से 12:24 तक
(नोट :---कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभिजीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रारंभ नही करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता है)
आज का पर्व त्यौहार, मुहूर्त व खास :---आज गणेश भगवान दूर्वा चढ़ाने से राहु जन पीड़ा से राहत मिलता है।
(नोट :---09-12-2021 के संध्या 04:05 से 14-12-2021 प्रातः05:08 तक पंचक रहेगा।)



संदीप शर्मा

आलेख---
संदीप शर्मा
(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श)
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660


विक्रम बाइक रिपेयरिंग सेंटर
प्रो० - विक्रम कुमार
हमारे यहां सभी प्रकार का बाइक रिपेयर किया जाता है।




पता : कोइली मोड़, रसोइया धमना | संपर्क सूत्र :- 6200723851

Keshri Electronic
8809224003
Patna Road, Barhi
Email ID :- kp_keshri@yahoo.co.in
PAN No. :- BRRPA7461G
Owner - Priyanka
बरही में पहली बार
मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स सामानों एवं फर्नीचर पर फाइनांस की सुविधा।
*0% ब्याज EMI






प्रो० शिव कुमार
9162759200
शिव ऑप्टिकल हाऊस
कम्प्यूटर मशीन द्वारा आंखो का जांच
हमारे यहां कम्प्यूटर मशीन द्वारा आंखो को जांच कर चश्मा बनाया जाता है।





धनबाद रोड, बरही, पेट्रोल पम्प के सामने (जामा मस्जिद के सामने)

APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

# बरही पश्चिमी जिला परिषद के शिक्षित,योग्य, कर्मठ, अनुभवी एवं गरीबो का मसीहा, भावी उम्मीदवार श्रीमती कुंती देवी (शिक्षिका) का संकल्प,

---

# बरही पश्चिमी जिला परिषद क्षेत्र को आदर्श जिला परिषद बनाना है।

**शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई व स्वरोजगार पर जोर, बरही चौक का सुंदरीकरण हमारी प्राथमिकता**



**श्रीमती कुंती देवी**
**भावी जिला परिषद प्रत्याशी**
**बरही पश्चिमी भाग**

## हमारा विजन, सोच एवं हमारा लक्ष्य

1. बरही के प्रवासी मजदूरों के लिए बरही क्षेत्र में ही स्वरोजगार की व्यवस्था करना।
2. स्वयं सहायता समूह को बढावा देकर महिलाओं को स्वरोजगार से जोडना एवं महिला सशक्तिकरण पर जोर।
3. छात्र युवाओं के लिए तकनीकी शिक्षा की व्यवस्था कर स्वरोगार की व्यवस्था करना।
4. लघु एवं कुटीर उद्योग को बढावा देना।
5. बरही में पॉलटेक्निक कॉलेज एवं महिला कॉलेज की स्थापना।
6. बुजुर्गों एवं विधवा महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर वृद्धावस्था, समाजिक सुरक्षा पेंशन उपलब्ध कराना
7. गरीब असहाय बुजुर्गो के लिए आवासीय आश्रम की व्यवस्था सरकारी सहयोग से करना ।
8. खेल एवं खिलाडियों के विकास के लिए खेल सामग्री एवं बरही में संसाधन युक्त एक खेल स्टेडियम का निर्माण करवाना
9. रियाडा प्रक्षेत्र में स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना
10. बरही के जलाशयों से सिंचाई की व्यवस्था कराने पर रहेगा जोर



**तापेश्वर प्रसाद**
**समाजसेवी ,**
**बरही पश्चिमी भाग**

## वायदे ही नही इरादे भी, नई सोच के साथ बरही का विकास भी, आइए हम सब मिलकर बरही के विकास के लिए श्रीमती कुंती देवी को साथ दें ।

**निवेदक: बरही पश्चिमी जिप क्षेत्र की जनता**

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर







## कोनरा पंचायत के भावी मुखिया उम्मीदवार सैरा खातून का संकल्प : कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना ।



सैरा खातुन, कोनरा मुखिया प्रत्याशी

सैरा खातुन को समर्थन कर उनके हाथों को करें मजबूत,

शुभ दीपावली



रामदेव साव सुभाष पासवान मंटु सिंह

कुनाल कतरियार बिनोद कुमार टुन्नू केशरी

### हमारा संकल्प, वायदे ही नही इरादे भी,

1. कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना
2. कोनरा पंचायत के गरीब बच्चियों की शादी विवाह के लिए फंड की व्यवस्था करना,
3. रियाडा में विस्थापित रैयतो को प्राथमिकता के साथ रोजगार दिलाना
4. गरीब मेधावी बच्चों एवं बच्चियों की निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था करना,
5. कोनरा पंचायत में सभी धर्म, जाति संप्रदाय के बीच आपसी भाईचारगी कायम रखना,
6. गरीब, विधवा, बुजुर्ग को पेंशन दिलाना
7. जरूरतमंद गरीब को राशन कार्ड उपलब्ध कराना
8. बिना किसी भेदभाव के सभी के विकास के लिए काम करना




डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## RYA के नेतृत्व में मुखिया और रोजगार सेवक के खिलाफ जमकर किया प्रदर्शन

**अपेम लाइव : बिरनी/गिरिडीह**
**सब्बा अहमद**



नारेबाजी में शामिल लोग

बिरनी के पेशम पंचायत सचिवालय में आयोजित आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में इंक़लाबी ना.जवान सभा के जिला कमिटी सदस्य विक्रम आनंद र०य के नेतृत्व में प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा अंचलाधिकारी के समक्ष मुखिया के द्वारा पंचायत में चल रहे मनमानी के खिलाफ पंचायतवासियों का गुस्सा देखने को मिला। मुखिया और रोजगार सेवक के मिलीभगत के खिलाफ जमकर नारेबाजी किए। मुखिया द्वारा मनमानी के खिलाफ लोगों ने गुस्सा निकाला और प्रखंड विकास पदाधिकारी को बड़ी संख्या में आवास, पेंशन, पसुसेड, नए राशन राशन कार्ड एवं राशन कार्ड में नाम जुड़वाने को लेकर अपने अपने आवेदन को सौंपा। टीसीबी का भी एक मामला बीडीओ के सम्मुख रखा गया जिसमें लाभुक को योजना की जानकारी भी नहीं है और न ही उनकी जमीन पर योजना का कार्यरूप दिया गया है लेकिन राशि की निकासी हो गई। इस संबंध में पुरे मामले की जाँच कर दोषीयों पर कार्यवाई की माँग की है। बड़ी संख्या में पंचायतवासियों ने अंचला. धिकारी को अपने अपने जर्मीन की दाखिल ख़ारिज के लिए आवेदन सौंपा। इस कार्यक्रम में श्री राय के अलावे मुख्य रूप से पंचायत के पंसस सुखदेव प्रसाद वर्मा, प्रदीप वर्मा, संतु चौधरी, रंजीत चौधरी, मदन राणा, गणेश राय, रमेश राय, भुना महतो, बंशी महतो, चांसदी महतो, श्रवण तुरी, गोपाल तुरी, प्रकाश मंडल एवं सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष उप. स्थित थे। विरोध प्रदर्शन के दौरान पंचायत के मुखिया, उपमुखिया, पूर्व मुखिया अदि मौन दिखे।

## पति गुमशुदगी का डाडी कला थाना में दिया गया आवेदन

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**


पति के गुमशुदगी को लेकर आवेदन दिखाती


गुमशुदा युवक

बड़कागांव प्रखंड के चेपाखुर्द निवासी जुगलकिशोर साव का गुमशुदगी का आवेदन सहायक थाना डाडी कला में उनकी पत्नी आशा देवि के द्वारा दिया गया है। आगे बताते चले कि जुगलकिशोर साव पिता गोविंद साव पिछले अगस्त माह में घर मे बिना बताए घर से निकल गए थे शाम होने तक घर वापस नही आये तो घर वालो ने सुबह आने की आस लगाए थे,परन्तु सुबह भी जब घर वापस नही आये तो घर वालो ने अपने रिश्तेदारों में पता करने लगे। रिस्तेदारों में भी पता करने के बाद उसका कोई पता नही चला। इसलिए अपनी पति जुगलकिशोर साव की गुमशुदगी का आवेदन पत्नी आशा देवी के द्वारा सहायक थाना डाडी कला में आवेदन दिया गया और प्रशासन से जल्द से जल्द ढूंढ़ने का अपील किये है।

## वर्षों से खराब पडी है झरपो में लगी स्ट्रीट लाइट

**अपेम लाइव : टाटीझरियां**
**राजू यादव**


खराब पड़ा स्ट्रीट लाइट

प्रखंड के झरपो बुध बाजार चौक का स्ट्रीट लाइट वर्षो से खराब पड़ा हुआ है। इसे देखने वाला कोई नही है। लाखों रुपये की लागत का स्ट्रीट लाइट झरपो के बुधबा. जार चौक पर लगा हुआ है। यहां सप्ताह में दो दिन बाजार लगता है जो शाम तक रहता है। लाइट नही रहने से अंधेरे में सब्जी विक्रेता और ग्रामीणों को काफी परेशानियां उठानी पड़ती है। यहां छोटी-बडी 30 दुकानें है और यहां गाड़ियों का भी ठहराव होता है। यहां अश्विनी दुर्गा पूजा और चौत में रामनवमी का भव्य मेला का आयोजन किया जाता है। यही वजह है कि इस घनी आबादी वाला स्थल पर स्ट्रीट लाइट लगाया गया था। जो कई वर्षो से खराब पड़ा हुआ है इस परेशानी को देखने वाला तक कोई नहीं है। किसान रात-रात तक अंधेरे में सब्जी बेचते रहते हैं। बुध बाजार चौक पर रात में चोरी की वारदातें हो चुकी है। यही कारण है कि स्थानीय ग्रामीण एवं जन प्रतिनिधियों ने सांसद, विधायक और शासन-प्रशासन को इसपर पहल कर स्ट्रीट लाइट को अविलंब रिपेयर कर दुरूस्त करने की मांग किया है।




## जहां होना है बीमारी ठीक उसे ही बनाया जा रहा है कई बिमारियों के साथ

## टाटीझरिया के होलंग स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन निर्माण में अनियमितता बरतने का आरोप

**अपेम लाइव : टाटीझरियां**
**राजू यादव**


निर्माणाधीन स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन

टाटीझरिया के होलंग स्थित निर्माणाधीन स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन निर्माण में घोर अनियमितता बरतने का आरोप स्थानीय ग्रामीणों एवं जनप्रति. निधियों ने लगाया है। जानकारी के अनुसार यह स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन निर्माण विभाग के द्वारा लाखों रुपये खर्च कर बनाया जा रहा है। स्थानीय जनप्रतिनिधि व ग्रामीणों ने उक्त भवन निर्माण में प्राक्कलन को नजरअंदाज कर काम करवाये जाने का आरोप लगाया है। कहा कि कई बार उनके द्वारा स्वास्थ्य उपकेंद्र बनाने की मांग की गई तब जाकर इसे स्वीकृ ति मिली। लेकिन ठेकेदार द्वारा भवन निर्माण में घटिया किस्म के ईंट और सामान का प्रयोग किया जा रहा है। जो कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन निर्माण में छड़, सीमेंट आदि कई घटिया सामा. ग्रियों का प्रयोग हुआ है और जिस मजबूती से कार्य होना चाहिए नहीं हुआ है। स्टिमीट को ताख पर रखकर काम कराया जा रहा है। यह जांच का विषय है। इसको लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। डीपीसी के ढलाई में जहां छड़ लगना चाहिए वहां छड़ भी नहीं लगाया गया है। इसके परिसर में पौधों की सुरक्षा के लिए बनाया गया गेवियन को तोड दिया गया है। टाटीझरिया प्रखंड के सांसद प्रतिनिधि कैलासपति सिंह ने उक्त भवन की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए सम्पूर्ण भवन निर्माण की उच्च स्तरीय जांच प्रदेश स्तर के तकनीकी पदाधिक. ारी के टीम से कराने की मांग की है। कहा कि वह और स्थानीय लोग इसकी शिकायत वरीय अधिकारियों को करेंगे और मजबूती से इसका विरोध दर्ज करेंगे। इसलिए जांचकर इसपर कार्रवाई आवश्यक है। जिस भवन में बीमारी ठीक की जानी है वह भवन ही बीमार हो तो उसमें ईलाज करवाने वालों का भविष्य कैसा होगा ?

## बिपिन रावत की मौत पर एसएस पब्लिक स्कूल चुरचू में शोक सभा का आयोजन

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



शोक सभा में शामिल लोग

एसएस पब्लिक स्कूल चुरचू में सीडीएस बिपिन रावत सहित 12 लोगों की हेलीकॉप्टर क्रैश में मौत की घटना को लेकर शोक सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता निदेशक दुलारचंद गुप्ता एवं संचालन उमेश कुशवाहा ने किया। दिवंगत आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दिया गया। मौके पर उपस्थित प्रधानाध्यापक संतोष नारायण तिवारी ने देश के सुरक्षा प्रमुख बिपिन रावत के उपलब्धियों को बताते हुए कहा कि बिपिन रावत की मौत से भारत को बहुत बड़ी क्षति हुई है। उनके जैसा देश भक्त एवं देश की सुरक्षा के लिए समर्पित व्यक्ति युगों युगों में जन्म लेते हैं। मौके पर मुख्य रूप से शिक्षक रितेश ठाकुर, रंजन दास, पप्पू यादव, कुतुब अंसारी, सुधीर साव, मो सद्दाम, मो मिनहाज, प्रमोद कुमार, खुशबू कुमारी, तमन्ना परवीन, मोनिका देवी के अलावा विद्यार्थियों में कविता कुमारी, रजनी सिंह,आरती कुमारप्रयंका कुमारी, पम्मी कुमारी, खुशी भारती, पूजा कुमारी, सलोनी कुमारी, दिव्या भारती, मोनिका कुमारी, प्रीति कुमारी, रोशन कुमार, आयुष कुमार, विवेक कुमार, शुभम कुमार, राहुल कुमार, सतीश कुमार, मुकेश कुमार, अनुराग कुमार, डालचंद कुमार और आदिल अंसारी के अलावा सैकड़ों विद्यार्थी उपस्थित थे।

## लोयुजद महिला प्रखंड अध्यक्ष के पति का निधन पर शोक

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**



लोकतांत्रिक युवा जनता दल के महिला प्रखण्ड अध्यक्ष सिमोती देवी के पति रामदास मुर्मू का आकस्मिक निधन हो गया। इसे लेकर लोयुजद प्रदेश अध्यक्ष सह राष्ट्रीय ब्रम्हभट्ट एकता मंच प्रदेश अध्यक्ष दशरथ राय ने शोक जताया है। लोयुजद प्रदेश अध्यक्ष ने प्रखंड अध्यक्ष रामलाल सोरेन के माध्यम से पार्टी के महिला प्रखंड अध्यक्ष को दस किलो रिफाइन तेल व 25 किलो आटा देकर सहयोग किया। उन्होंने कहा कि पार्टी की ओर से उन्हें यथासंभव मदद दी जाएगी। इसे लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष का आभार जताया है। सिमोती देवी जी को मदद कर बहुत बड़ा उपकार किए हैं, आज के दौर में कोई किसी को नहीं पुछता है लेकिन दशरथ राय मसीहा के रूप में हमलोगों के साथ खड़े हो जाते हैं। इस नेक कार्य के लिए मैं दशरथ राय को बहुत बहुत धन्यवाद देता हूं।

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## बरकट्ठा उतरी पंचायत में सरकार आपके द्वार के तहत लगा कैंप

## जन समास्याओं का किया गया निदान

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**

**सुनिल कुमार**



प्रखंड के उतरी पंचायत स्थित प्रखंड मुख्यालय में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया मौके पर नोडल पदाधिकारी सह जिला सांख्यिकी पदाधिकारी जेवियर मिंज, बीडीओ कृतिबाला लकड़ा अंचलाधिकारी श्रीकांत लाल मांझी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी अशोक कुमार पाल, विद्युत विभाग एसडीओ सौरभ लिंडा, प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी कारु राम, प्रखंड पशुपालन अधिकारी धनंजय सिंह, बरकट्ठा उतरी मुखिया बसंत साव पंसस निर्मला देवी कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित थे। शिविर में गरीब असहाय वृद्ध,विधवा और दिव्यांग पुरुष और म. हलाओं को मुखिया बसंत साव के द्वारा कम्बल वितरण किया गया। साथ ही अन्य योजनाओं से भी लोगों को लाभान्वित किया गया। शिविर में अधिकतर आवेदन पीएम आवास व राशन कार्ड में नाम सुधार समेत मोटेशन को लेकर आवेदन जमा किया गया। इसके अलावे विभिन्न लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं को लेकर आवेदन पत्र दिया। जिसमें अधिकांश लोगों का समस्या का निदान मौके पर ही किया गया। मौके पर जेएमएम प्रखण्ड अध्यक्ष मो कुदुश अशोक कुमार गुप्ता,झामुमो प्रखंड उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार गुप्ता, पूर्व जिप सदस्य प्रतिनिधि कलीम खां, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप कुमार मंडल, कांग्रेस नेता संतोष कुमार देव, धीरेंद्र कुमार पांडेय, बेडोकला भाजपा मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद, रामखेलावन यादव, टुकलाल नायक, महेश मंडल,शिव शंकर यादव त्रिवेणी यादव समेत सैकड़ों की तदाद में लोग मौजूद थे।

## वन विभाग के बने चेक डेम में डूबा एक मासूम, मौत

**अपेम लाइव : चौपारण**



चौपारणः प्रखण्ड के करमा पंचायत के ग्राम केदली में एक हृदय विदारक घटना घटी। जहां केदली जंगल मे वन विभाग के बने चेक डेम डूबने से एक दस वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। बच्चे की पहचान प्रत्यूष कुमार यादव पिता प्रकाश यादव के रूप में हुई। घटना के बारे में मिल रही जानकारी के अनुसार खेलने के दौरान बच्चे का पैर फिसल गया और गहराई में डूब गया। जिसके बाद इसके साथ खेल रहे एक और युवक ने हल्ला किया और लोगों को जानकारी दी। घटना की सूचना पर ग्रामीण दौड़े और चेक डेम में डूबकर बच्चे को निकाला और प्राथमिक उपचार के लिए मुखिया संघ अध्यक्ष राजदेव यादव सहित अन्य परिजनों ने आनन फानन में सामुदायिक अस्पताल चौपारण लेकर आए जहाँ चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया। इधर घटना पर परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। वहीं मुखिया संघ अध्यक्ष राजदेव यादव ने शोकुल परिवार के प्रति गहरी संवेदना ब्यक्त करते हुए कहा कि दुःख के इस घड़ी में परिवार के साथ हूँ और इस दुःख के घड़ी में ईश्वर पीड़ित परिवारों को हिम्मत प्रदान करें।

## रेलवे अधिकारियों के द्वारा दोनो साइड गढ्ढे खोदने पहुँचे, ग्रामीणों ने बैठी धरना पर

**अपेम लाइव : चलकुशा**

**विक्रम सिंह**



चलकुशाः प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत मसकेडीह रेलवे फाटक पर फाटक के दोनों साइड गड्ढे खोदने के उद्देश्य से आए रेलकर्मी को देख धरने पर ग्रामीण बैठ गए। जिसके बाद कार्य को बंद कर दिया गया। जिसकी जानकारी रेलवे कर्मियों के द्वारा रेलवे आलाधिकारियों को दिया गया। घटनास्थल पर पहुंचे इंस्पेक्टर पंकज कुमार, एस आई मनोज कुमार सिंह, आई डब्लू राणा चक्रवर्ती ने धरने पर बैठे ग्रामीणों के बीच वार्ता कर 2 दिनों समय दिया गया। इस बीच ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधियों ने धनबाद डीआरएम से मुलाकात कर ग्रामीणों की समस्या से अवगत कराया जाएगा और समस्या का समाधान करने का आग्रह किया जाएगा। क्या कहते है ग्रामीणों का कहना है कि मसकेडीह पंचायत का आबादी लगभग छरू से सात हजार है। और इस पंचायत के बीचो बीच हावड़ा नई दिल्ली रेलवे मुख्य लाइन गुजरा हुआ है, जिससे इस पंचायत के लोगों को इधर से उधर आना जाना लगा रहता है खासकर स्कूल के छोटे-छोटे बच्चों एवं श्मशान घाट लोगों को आना जाना रहता है, रेलवे अधिकारियों के द्वारा गड्ढे खोदने से ला. `गों को आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। इस मामले को लेकर ग्रामीणों ने स्थानीय सांसद एवं विधायक के द्वारा धनबाद डीआरएम को इस घटना के बारे में कई बार अवगत कराया जा चुका है लेकिन अधिकारी इसे भी नजरअंदाज कर बैठे हैं।ड़ों की तदाद में लोग मौजूद थे।

## कोनार डैम से हजारीबाग जलापूर्ति पाइपलाइन का विरोध विष्णुगढ़

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**

**मिथिलेश कुमार बर्मन**



पाइपलाइन बिछाए जाने का विरोध करते लोग

विष्णुगढ़ के कोनार डैम से हजारीबाग को किए जाने वाले जलापूर्ति योजना में पाइपलाइन बिछाने का वि. रोध शुरू हो गया है। मंगलवार को कोनार डैम के जमनीजारा मोड़ पर दामोदर घाटी विस्थापित एवं स्थानीय समन्वय समिति ने काम को बंद करा कर इसका विरोध किया। नेतृत्व कर रहे समिति के केन्द्रीय अध्यक्ष दिनेश्वर मंडल ने कहा कि दामोदर घाटी निगम विस्थापितों के हित में काम नहीं कर पानी बेचने का सौदा कर रही है। कोनार डैम का निर्माण के समय कई गांव विस्थापित किए गए। उस समय विस्थापितों को निगम द्वारा हरेक सुविधाएं मुहैया कराने का वादा किया गया था। अब निगम अपने दायित्वों को भूल चुकी है। निगम का उद्देश्य अब सिर्फ सौदेबाजी करना रह गया है। कहा कि समिति डीवीसी के समक्ष दो सूत्री मांगों को लेकर आंदोलन कर रही है। इसमें विष्णुगढ़ और गोमियां प्रखंड के विस्थापित गांवों में बिजली बिल माफी के अलावा सिंचाई सुविधाएं उपलब्ध कराना शामिल है। जब तक इन मांगों पर विचार नहीं किया जाएगा, तब तक पाइपलाइन से कोनार डैम का पानी हजारीबाग ले जाने का वि. रोध जारी रहेगा। विस्थापित संघर्ष मोर्चा नेता छोटेलाल बेसरा एवं माही पटेल ने कहा कि डीवीसी ने विस्थापितों को छलने का काम किया है। अब आंदोलन की मांग नहीं माने जाने पर आमरण अनशन शुरु किया जाएगा। मौके पर नारायण गंझू, नुनू गोपाल, छोटेलाल बेसरा, शिवनाथ हेम्ब्रम, सोमर सिंह, लक्ष्मण महतो, लखन भाई पटेल, विनय तुरी, दुलारचंद ठाकुर समेत कई लोग मौजूद थे।

